ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 26-02-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-02-26 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-02-27	2021-02-28	2021-03-01	2021-03-02	2021-03-03
वर्षा (मिमी)	0.0	3.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	22.0	19.0	19.0	20.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	8.0	6.0	6.0	6.0	7.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	55	55	40	40
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	40	35	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	10.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	225	300	300	310
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	5	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 27 फरवरी को कही-कहीं हल्की वर्षा होने की सम्भावना है, अन्यथा मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 19.0 से 22.0 व 6.0 से 8.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6-10 किमी/घंटे की गति से मुख्यतः उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। कही-कहीं ओला/बिजली गिरने की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

दिनांक 25 फरवरी, 2021 को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। कोरोना कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 27 फरवरी को कुछ स्थानों में हल्की वर्षा तथा कही-कहीं ओला/बिजली गिरने की सम्भावना है, शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
रेपसीड	मौसम साफ होने पर तोरिया की परिपक्व फसलों की कटाई करें।
गेहूँ	असिंचित फसल में पुष्पन अवस्था से पूर्व यूरिया के 2 प्रतिशत घोल (20ग्राम यूरिया प्रति लीटर पानी) का पर्णीय छिड़काव करना लाभप्रद रहेगा। छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
टमाटर	मौसम को ध्यान में रखते हुए, टमाटर की पछेती फसल मे फलों की तुड़ाई व नई या अगेती फसल मे निराई-गुड़ाई करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज की फसल मे निराई-गुडाई करे।
शिमला मिर्च	मौसम को ध्यान में रखते हुए, शिमला मिर्च के फलो की तुड़ाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	**पशुपालन विशिष्ट सलाह**
भेंस	गाय व भैंस के बछड़ो जिनकी उम्र 2 माह के आस-पास हो गयी हो उनको कृमिनाशक दवा दें।